दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 17 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 238 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# मथुरा-वृंदावन समेत पूरे देश में मनाया गया कान्हा का जन्मोत्सव, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





**मथुरा।** जन्माष्टमी पर सीएम योगी आज मथुरा दौरे पर हैं। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होंगे। मथुरा को उन्होंने 645 करोड़ की 118 परियोजनाओं की सौगात दी। हर साल भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया जाता है। इसे कृष्ण अष्टमी या गोकुलाष्टमी भी कहा जाता है। इस साल जन्माष्टमी आज, 16 अगस्त को है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन 'जन्माष्टमी' को मनाने के लिए यूपी का मथुरा और वृंदावन सजकर तैयार है। देश के अलग-अलग शहरों के अलावा दुनियाभर से श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंच रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मस्थान के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, अयोध्या, काशी और प्रयागराज सहित पूरे उत्तर प्रदेश के सभी मंदिरों में उत्सव के लिए जबरदस्त तैयारी की गई है।

**एक लाख से ज्यादा प्रसाद के पैकेट का इंतजाम :** यूपी में मथुरा-वृंदावन के अलावा दूसरे प्रमुख शहरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य और सुंदर तैयारियां दिख रही हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ के प्रमुख मंदिरों को सजाया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां खाटू श्याम मंदिर को शीश महल की तरह सजाया गया है। श्रीकृष्ण के प्राक्टयोत्सव को लेकर एक लाख से ज्यादा प्रसाद के पैकेटों का इंतजाम किया गया है। यहां रात बजे 151 किलो का मिल्क केक काटा जाएगा। तो वहीं मंदिर को कोलकाता से मंगाए गए फूलों से सजाया गया है।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब :** जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, श्री कृष्णजन्मभूमि मंदिर के बाहर लंबी लाइन देखी जा रही है। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक मथुरा में कुल तीन हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए हैं।

**जेल बंदियों ने रखा व्रत :** पूरे देश की तरह जौनपुर में भी भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला कारागार में भी कैदियों में जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जेल के 59 बंदियों ने व्रत रखा है, जिनमें अधिकांश पुरुष बंदी हैं जबकि कुछ महिला बंदियों ने भी उपवास रखा है। त्योहार को लेकर बंदियों द्वारा जेल परिसर को सजाया जा रहा है। कैदी नृत्य, बधाई गीत और कृष्ण लीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। खास बात यह है कि जेल की सजावट भी बंदी स्वयं कर रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

**सुरक्षा के लिए 3000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात :** मथुरा में जन्माष्टमी की धूम देखने को मिल रही है। भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। इस बार 50 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसकी वजह इस बार लंबा वीकेंड है। क्योंकि छुट्टियों के दिन में अक्सर पहाड़ों का रुख करने वाले लोग अब पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं की वजह से धार्मिक नगरी का रुख कर रहे हैं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं 3000 से भी ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

## सीएम योगी ने जन्माष्टमी पर ब्रज को दी 30 हजार करोड़ की सौगात



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्ययोजना मथुरा, वृंदावन, बरसाना और गोकुल जैसे तीर्थ स्थलों को द्वापर युग की स्मृतियों से जोड़ेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करने और बृजक्षेत्र को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन कार्यों को संभव बना रहे हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि 10 साल पहले इनकी कल्पना भी असंभव लगती थी, लेकिन आज ये साकार हो चुके हैं। काशी में जहां पहले 50 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, वहां आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर त्रेतायुग की स्मृति को जीवंत कर रहा है। इसी तरह, विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है।

# अलास्का में पुतिन-ट्रंप की शिखर वार्ता का भारत ने किया स्वागत

## कहा- संवाद से ही बनेगी शांति की राह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है।

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

### वार्ता पर दुनिया की नजरें

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को “उपयोगी” बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी



मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

**उम्मीदें और अधूरे परिणाम :** ट्रंप ने बातचीत को “बहुत सकारात्मक” बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की “मित्रतापूर्ण” भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया।

**शिखर वार्ता की 5 बड़ी बातें :** ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी।

वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत “दोस्ताना माहौल” में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं।

वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है। ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। पुतिन ने जेलेंस्की से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर बालेश्वर त्यागी ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

## ‘जब जब देश में लोकतंत्र के सामने बड़े सवाल खड़े होंगे उनके उत्तर खोजने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवन यात्रा का अध्ययन करना पड़ेगा’

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के शिखर पुरुष रहे हैं। राजनीति कैसी हो अगर ये जानने की इच्छा हो तो अटल बिहारी वाजपेयी जी को पढ़कर जाना जा सकता है। लोकतंत्र, स्वतंत्रता और राजनैतिक मर्यादा की लक्ष्मण रेखा जाननी हो तो अटल जी के जीवन से जानी जा सकती है। संसद में भाषण देना हो या सार्वजनिक सभा में भाषण हो या कार्यकर्ताओं को संबोधित करना हो तो किन शब्दों का प्रयोग करना है ये अटल जी से बेहतर कोई नहीं जानता था। आज की मर्यादाहीन राजनीति के दौर में अटल बिहारी वाजपेयी बहुत प्रासंगिक हैं। शब्दों की मर्यादा का पालन अटल बिहारी वाजपेयी ने जीवनपर्यंत किया। उनके सामने भी अगर किसी ने शब्दों की मर्यादा का उल्लंघन किसी ने किया तो अटल जी ने बीच में ही टोक कर उसे ठीक करने का निर्देश दिया। मुझे एक प्रसंग याद है, लखनऊ में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में एक वक्ता ने कांग्रेस को नंगा करने के लिए कहा। अटल जी ने बीच में ही कहा कि क्या हम इससे बेहतर कोई और शब्द का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। क्या हम इसे बेनकाब करना नहीं कह सकते हैं।

देश प्रथम केवल शब्द नहीं हैं ये



आचरण में कैसे चरितार्थ किया जाता है तो अटल बिहारी वाजपेयी जी से सीखे। उनके नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके दो आचरण इतिहास में दर्ज हैं। एक यूएनओ में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पाकिस्तान पर अटल जी का ऐतिहासिक भाषण। दूसरा प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव द्वारा रुपए का अवमूल्यन करने का निर्णय। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने इसका उल्लेख करते हुए कहा कि मैंने नरसिम्हाराव से कहा कि देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। केवल एक सप्ताह के खर्च की व्यवस्था है। नरसिम्हाराव ने पूछा कि क्या किया जाना चाहिए? मनमोहनसिंह ने कहा कि रुपए का अवमूल्यन करना ही उपाय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नोट बनाकर भेजो, इसका निर्णय मंत्री मंडल की बैठक बुलाकर करते हैं। मनमोहन सिंह ने कहा कि मंत्री मंडल में तो इसका निर्णय कठिन है। सबके अपने अपने हित हैं। इसका निर्णय तो आपको अपने से करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ठीक है, बताते हैं। मनमोहन सिंह का कथन था कि थोड़ी देर बाद प्रधानमंत्री जी की एक स्लिप मुझे मिली जिस पर लिखा था कि गो अहड। मनमोहन सिंह ने जब पता किया कि ये निर्णय इतने जल्दी कैसे हुआ तो तो पता चला कि प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को बुलाया और पूरी परिस्थितियां बताकर रुपए के अवमूल्यन करने की बाध्यता बताई तो देश हित में जानकर अटल जी ने सहमति दे दी। जब जब देश में लोकतंत्र के सामने बड़े सवाल खड़े होंगे उनके उत्तर खोजने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवन यात्रा का अध्ययन करना पड़ेगा। उनके चरणों में मै अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

> “राजनीति कैसी हो अगर ये जानने की इच्छा हो तो अटल बिहारी वाजपेयी जी को पढ़कर जाना जा सकता है। लोकतंत्र, स्वतंत्रता और राजनैतिक मर्यादा की लक्ष्मण रेखा जाननी हो तो अटल जी के जीवन से जानी जा सकती है। संसद में भाषण देना हो या सार्वजनिक सभा में भाषण हो या कार्यकर्ताओं को संबोधित करना हो तो किन शब्दों का प्रयोग करना है ये अटल जी से बेहतर कोई नहीं जानता था। आज की मर्यादाहीन राजनीति के दौर में अटल बिहारी वाजपेयी बहुत प्रासंगिक हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में 30 इंस्पेक्टर किए गए इधर से उधर, कई को मिला थाने में अतिरिक्त प्रभार

## बड़ी संख्या में अपराध शाखा और साइबर थाने भेजे गए इंस्पेक्टर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 15 अगस्त को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने 30 निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उनको इधर से उधर किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में निरीक्षक अपराध शाखा और साइबर थाने भेजे गए हैं। तो पांच निरीक्षक अलग-अलग थाने और यूनिट में भी तैनात किए गए हैं। निरीक्षक नीरज कुमार अत्री को अपराध शाखा से अतिरिक्त निरीक्षक थाना अंकुर विहार बनाया गया है। निरीक्षक रजनीश कुमार को अतिरिक्त थाना इंदिरापुरम से अतिरिक्त निरीक्षक थाना लिंक रोड किया गया है। अरुण




कुमार को कार्यालय सहायक लोनी से अतिरिक्त निरीक्षक थाना कवि नगर बनाया गया है। कमल किशोर को पुलिस लाइन से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा बनाया गया है। तो इंस्पेक्टर नेहा चौहान को एसीपी वेव सिटी ऑफिस से प्रभारी फील्ड यूनिट बनाया गया है। निरीक्षक दिनेश कुमार को एसीपी लोनी से अतिरिक्त निरीक्षक थाना कौशांबी बनाया गया है।

### बड़ी संख्या में किया गया है बदलाव




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा अशोक कुमार को पुलिस लाइन से अपराध शाखा, अमित प्रताप सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक थाना साहिबाबाद से अपराध शाखा, रविंद्र कुमार पंत को एसीपी नंदग्राम ऑफिस से सीबीआईटी अपराध शाखा, जयवीर सिंह को एसीपी साहिबाबाद से अपराध शाखा, महेंद्र पाल सिंह को थाना शालीमार गार्डन से अपराध शाखा भेजा गया है। वहीं इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को पुलिस लाइन से अपराध शाखा, राजवीर सिंह को थाना विजयनगर से अपराध शाखा, राजेश कुमार को थाना शालीमार गार्डन से अपराध शाखा, ऐशवीर सिंह को थाना मोदीनगर से अपराध शाखा, सुभाष चंद्र पांडे को एसीपी कवि नगर ऑफिस से अपराध शाखा, रूप किशोर निगम को एसीपी शालीमार गार्डन के ऑफिस से अपराध शाखा, विजय मिश्रा को एसीपी मसूरी ऑफिस से अपराध शाखा, महिला इंस्पेक्टर अंकिता वर्मा थाना इंदिरापुरम से साइबर थाना, पवन कुमार थाना मसूरी से साइबर थाना, अनिल यादव एसीपी मोदीनगर से साइबर थाना, मनीष बिष्ट एसीपी अंकुर विहार से साइबर थाना, राजेश कुमार एसीपी शालीमार गार्डन से साइबर थाना, लाल बाबू मिश्रा को एसीपी साहिबाबाद से साइबर थाना, संजीव सिंह को थाना इंदिरापुरम से साइबर थाना, प्रवीण सिंह को एसीपी वेव सिटी के ऑफिस से साइबर थाना, दिनेश कुमार को पुलिस लाइन से साइबर थाना, जितेंद्र सिंह को एसीपी मसूरी के ऑफिस से साइबर थाना, सुरेंद्र पाल सिंह को कोतवाली थाने से साइबर थाने और पंकज कुमार को थाना विजयनगर से सीसीआईटी थाना साइबर में भेजा गया है।

### बेहतर कानून व्यवस्था और प्रभावी जनसुनवाई के लिए किया गया बदलाव

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नर द्वारा बेहतर कानून व्यवस्था और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के मकसद से बड़ी संख्या में निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। इसके साथ ही सीसीआईटी साइबर थाना और सीबीआईटी अपराध शाखा में बड़ी संख्या में इंस्पेक्टरों को तैनाती देने का मकसद यह है कि यहां आने वाले मामले और पंजीकृत केसों में प्रभावी और जल्द ही कार्रवाई की जा सके ताकि आम जनता को पुलिस के चक्कर न लगाने पड़े और उनको जल्द ही न्याय भी मिल पाए। साथ ही आर्थिक अपराध के मामलों में भी पीड़ितों की सुनवाई त्वरित की जा सके। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अब साइबर थाने और अपराध शाखा में मामलों की सुनवाई बेहतर ढंग से हो सकेगी।

# मुंबई में भारी बारिश से हाहाकार, जलभराव ने बढ़ाई आफत

**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। जगह-जगह हुए जलभराव ने लोगों की आफत बढ़ा दी है। सड़कों और ट्रेन की पटरियों पर जलभराव होने से परिवहन सेवा भी प्रभावित हुई। वहीं विक्रोली में भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शनिवार तड़के कुछ हिस्सों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दो दिनों तक महानगर में भारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने नागरिकों से अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की है।

मूसलाधार बारिश रात करीब एक बजे शुरू हुई। तड़के तक जारी रही। इससे विक्रोली, घाटकोपर, भांडुप, चूनाभट्टी, आरे, अंधेरी, किंग्स सर्कल, मलाड और गोरेगांव सहित पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। मध्य और पश्चिमी रेलवे लाइनों पर कई स्थानों पर पटरियों पर जलभराव के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं।

मध्य रेलवे लाइन पर मुख्य लाइन पर माटुंगा, सायन, कुर्ला, विद्याविहार, घाटकोपर और भांडुप तथा हार्बर लाइन पर वडाला, चूनाभट्टी, तिलक नगर और कुर्ला में पटरियां जलमग्न हो गईं। पश्चिमी रेलवे पर दादर और माहिम स्टेशनों के बीच की पटरियां भी जलमग्न हो गईं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा कि सुबह करीब आठ बजे पानी कम हुआ और रेल यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो गया। सुबह करीब साढ़े 11 बजे ट्रेनें 15-20 मिनट देरी से चल रही थीं।

## विक्रोली में भूस्खलन से दो की मौत, कई अन्य घायल





बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) के एक प्रवक्ता ने बताया कि बस परिचालन भी प्रभावित हुआ है। सायन, किंग्स सर्कल, आरे कॉलोनी और मलाड सबवे सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों से कई बसों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कई क्षेत्रों में पम्पिंग कार्य चल रहा है, तथा जलभराव और पेड़ गिरने की शिकायतों के समाधान के लिए प्रतिक्रिया दल तैनात किए गए हैं। बीएमसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि नगर आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी ने नगर निगम मुख्यालय स्थित आपदा प्रबंधन आपातकालीन नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### भूस्खलन में दो की मौत

वहीं विक्रोली पार्कसाइट के वर्षा नगर में देर रात करीब 2.39 बजे पास की पहाड़ी से मिट्टी और पत्थर एक झोपड़ी पर गिर गए, जिससे चार लोग घायल हो गए। पीड़ितों को सरकारी राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस और नागरिक कर्मचारियों सहित आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। घटना में शालू मिश्रा (19) और सुरेश मिश्रा (50) की मौत हो गई, जबकि दो अन्य आरती मिश्रा (45) और ऋतुराज मिश्रा (20) घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। क्षेत्र के अन्य निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

**मौसम विभाग का अलर्ट :** भारी बारिश को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उपनगरों में विक्रोली में सबसे अधिक 248.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई, इसके बाद सांताक्रूज में 232.5 मिमी, सायन में 221 मिमी और जुहू में 208 मिमी वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी की अधिकारी शुभांगी भूटे ने कहा कि स्थिति बिगड़ने के कारण चेतावनियां जारी की जा रही हैं। आने वाले दिनों में पूरे पश्चिमी तट पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है तथा कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

# आज से राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा शुरू, 16 दिन घूमेंगे

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इसका नाम वोट अधिकार यात्रा दिया है। राहुल गांधी 16 दिन बिहार में रहेंगे। इस दौरान वह 24 जिले में यात्रा करेंगे। इन 24 जिलों में 118 विधानसभा आते हैं। कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा की शुरूआत हो रही है। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। हम सभी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा की शुरूआत करने जा रही है। 16 दिन तक चलने वाली 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे।




**वोट की मजबूती के लिए यात्रा**

कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल गांधी देश में वोट को मजबूत करने निकले हैं। वह भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं। वे जनता की अदालत में पहुंचेंगे तथा लोगों को बताएंगे कि भारत के संविधान को अगर मजबूत करना है, तो यहां के मतदाता को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा बिहार में मतदाता सूची में संशोधन के खिलाफ और ₹वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई₹ को एक जन आंदोलन बनाने के लिए के लिए की जा रही है।

### कौन सी तरीख को किस-किस जिले में रहेंगे राहुल गांधी

17 अगस्त - रोहतास, 18 अगस्त- औरंगाबाद, गया
19 अगस्त- नवादा, नालंदा, शेखपुरा
21 अगस्त- लखीसराय, मुंगेर
22 अगस्त- भागलपुर
23 अगस्त- कटिहार
24 अगस्त- पूर्णिया, अररिया
26 अगस्त- सुपौल, मधुबनी
27 अगस्त- दरभंगा, मुजफ्फरपुर
28 अगस्त- सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण
29 अगस्त- पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान
30 अगस्त- सारण, आरा
एक सितंबर- पटना

# चुनाव आयोग आज 3 बजे करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

## एसआईआर से जुड़े सवालों का दे सकता है जवाब

**नईदिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग 17 अगस्त (रविवार) को दोपहर 3 बजे नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस की जानकारी चुनाव आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) की ओर दी गई है।, चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस किस विषय पर करने वाला है? इसकी अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर उठे सवालों के जवाब दे सकता है।

चुनाव आयोग की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय हो रही है, कल से कांग्रेस और राजद बिहार में वोट अधिकार यात्रा शुरू करने वाले हैं। 6 दिन तक चलने वाली 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी




इस यात्रा में शामिल होंगे।

बता दें कि इससे पहले सात अगस्त को राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के कथित आरोप लगाए थे। राहुल गांधी ने कर्नाटक सेंट्रल की एक विधानसभा सीट महादेव पुरा में एक लाख फर्जी वोटर होने का दावा किया था। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर, फर्जी पते, और एक ही पते पर सैकड़ों वोटरों के नाम होने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। राहुल ने यह भी कहा कि अगर यह धांधली न हुई होती, तो कांग्रेस कर्नाटक में 16 लोकसभा सीटें जीत सकती थी, लेकिन उसे केवल 9 सीटें मिलीं। जिसके बाद चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से शपथपत्र के साथ शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा था।

**राहुल ने वीडियो जारी कर साधा निशाना :** शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा है। राहुल गांधी ने लापता वोट लिखकर एक बॉलीवुड फिल्म का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। कांग्रेस ने भी एक वीडियो जारी करते हुए एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइये हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं।

राहुल गांधी की ओर से जारी किए गए वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। एक मिनट लंबे वीडियो का शीर्षक 'लापता वोट' है। इसे हाल ही में आई एक फिल्म के शीर्षक से लिया गया है।

**कांग्रेस ने भी जारी किया वीडियो :** कांग्रेस ने बुधवार को भी एक वीडियो जारी किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे फजी वोट डाले जा रहे हैं।

# पूर्व पीएम वाजपेयी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति और पीएम ने किया नमन





**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज पुण्यतिथि है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सदैव अटल स्मारक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अन्य नेताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दत्तक पुत्री नमिता कौल भट्टाचार्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि अटल जी को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। भारत की सर्वांगीण प्रगति के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव सभी को एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी जी को उनके स्मारक पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनके संकल्प, सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करता है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने देश को सर्वोपरि रखने के दर्शन का पालन किया और जीवन भर इसके लिए काम किया। नायडू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक साहसी दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने देश को सर्वोपरि रखने के दर्शन का पालन किया और जीवन भर इसके लिए काम किया।

अटल बिहारी वाजपेयी 16 से 31 मार्च 1996 और फिर 19 मार्च 1998 से 13 मई 2004 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। वाजपेयी जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता बन गए थे।

# हरिद्वार के मंदिर में प्रशासक की नियुक्ति पर फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट, 19 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 19 अगस्त को हरिद्वार स्थित मां चंडी देवी मंदिर के 'सेवायत' की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करेगा। इस याचिका में उन्होंने उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की है, जिसमें बद्री केदार मंदिर समिति को मंदिर की देखरेख के लिए प्रशासक नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। 'सेवायत' का मतलब वह पुजारी होता है, जो मंदिर के रोजमर्रा के कामों और पूजा-पाठ में सक्रिय रूप से शामिल होता है। जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एस वी एन भट्टी की बेंच ने 28 जुलाई को उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया था और दो हफ्तों में जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि बद्री केदार मंदिर समिति की ओर से लिया गया कोई भी निर्णय इस याचिका के फैसले पर निर्भर करेगा।

महंत भवानी नंदन गिरी ने वकील अश्विनी दुबे के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बिना किसी सबूत या शिकायत के मंदिर का नियंत्रण एक समिति को दे दिया, जबकि साल 2012 में खुद हाईकोर्ट ने एक पैनल बनाया था,



जिसमें हरिद्वार के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामिल थे। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि प्रशासक नियुक्त करने का आदेश एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दिया गया, जो एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका से जुड़ा था।

मां चंडी देवी मंदिर की स्थापना 8वीं शताब्दी में जगद्गुरु श्री आदि शंकराचार्य ने की थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि उनके पूर्वज तबसे ही इस मंदिर की सेवा करते आ रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि अब तक मंदिर की देखरेख करने वाले जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पैनल ने कभी किसी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या पैसों के गलत इस्तेमाल की कोई शिकायत नहीं की है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि हाईकोर्ट का आदेश मनमाना, अवैध और अन्यायपूर्ण है। कोर्ट ने सेवायत और मुख्य ट्रस्टी को बिना सुने आदेश दे दिया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि हाईकोर्ट ने उन्हें कोई नोटिस नहीं भेजा और बिना कोई मौका दिए सीधे आदेश जारी कर दिए। याचिका में यह भी कहा गया है कि हाईकोर्ट ने गलत तरीके से मंदिर की जिम्मेदारी बद्री केदार मंदिर समिति को दी, जबकि पहले से ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का पैनल ईमानदारी से काम कर रहा था।

## ब्रज क्षेत्र में लौटेगा द्वापर युग...

# सीएम योगी ने दी 30 हजार करोड़ की सौगात





**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की नई कार्ययोजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्ययोजना मथुरा, वृंदावन, बरसाना और गोकुल जैसे तीर्थ स्थलों को द्वापर युग की स्मृतियों से जोड़ेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करने और बृजक्षेत्र को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन कार्यों को संभव बना रहे हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि 10 साल पहले इनकी कल्पना भी असंभव लगती थी, लेकिन आज ये साकार हो चुके हैं। काशी में जहां पहले 50 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, वहां आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर त्रेतायुग की स्मृति को जीवंत कर रहा है। इसी तरह, विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है।

**सीएम के जाने के बाद उमड़ा भक्तों का हुजूम :** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जाने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रशासन ने बैरियर हटा दिए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मभूमि में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

**नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां :** भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली नंदगांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी 17 तथा नंदोत्सव 18 अगस्त को मनाया जाएगा। यहां जन्माष्टमी खुर गिनती विधि से मनाई जाती है। यानी रक्षा बंधन के बाद ठीक 8 दिन गिनकर। 17 अगस्त को मध्यरात्री में अजन्मे कृष्ण अवतरित होंगे। 18 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नंदभवन में होगा। जिसमें नंदगांव बरसाना के समाजियों द्वारा बधाई गायन, बांस बधाई, दधी कंधौ लीला, प्रतीकात्मक मल्ल युद्ध आदि आकर्षण के होंगे।

**राधा रमण लाल और राधा दमोदर लाल मंदिर में दिन में हुआ महाभिषेक :** वृंदावन में जहां एक ओर देश भर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में रात को दुनिया भर में अभिषेक किया जाता है वहीं वृंदावन के प्रमुख सप्तदेवायलों में शामिल राधा दमोदर लाल मंदिर और राधा रमण मंदिर में दिन में भी आराध्य का महाभिषेक किया जाता है।

इस पल के साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। इस दिन के लिए काफी समय पहले ही होटल आश्रमों में बुकिंग शुरू हो जाती हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में जन्माष्टमी की धूम

## सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़, इस्कॉन में उमड़े श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार यानी आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत एनसीआर में मंदिर और चौक-चौहारे जन्माष्टमी के भव्य उत्सव के लिए सजाए गए हैं। भक्तों की भीड़ मंदिरों में देखी जा रही है। नोएडा सेक्टर 32 स्थित इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर द्वारिकाधीश मंदिर में दर्शन का समय बदला :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मथुरा के ठाकुर द्वारिकाधीश मंदिर के दर्शन के समय में परिवर्तन किया गया



है। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी डॉक्टर वागिश कुमार महाराज, नरेश की आज्ञा अनुसार दर्शन के समय में निम्न परिवर्तन किया गया है। 15 अगस्त को सभी दर्शन यथावत अपने समय पर खुलेंगे। 16 अगस्त को प्रातःकाल 6 बजे से 6:15 तक ठाकुरजी के पंचामृत अभिषेक के दर्शन 6:30 से और श्रृंगार के दर्शन लगभग 8:30 पर होंगे।

इसके बाद ग्वाल व राजभोग के दर्शन होंगे। सांयकाल उध्यापन के दर्शन 7:30 बजे होंगे। इसके बाद भोग संध्या आरती के दर्शन होंगे और 10:00 बजे जागरण की झांकी होगी और उसके पश्चात 11:45 पर ठाकुर के जन्म के दर्शन होंगे और 17 तारीख को प्रातःकाल 10:00 बजे मंदिर प्रांगण में भव्य नंद महोत्सव का आयोजन होगा।

नंद महोत्सव के बाद दर्शन सभी के लिए खुलेंगे, जिनका कोई समय निर्धारित नहीं है, लेकिन शयन के दर्शन शाम 4:30 से 5:00 तक होंगे। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दर्शन के लिए इस भीड़ में न लेकर आएं।

# भाजपा ने टाइटलर का नाम लेकर राहुल को घेरा

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लालकिले पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गैरमौजूदगी और कांग्रेस ओर ओर से आयोजित समारोह में जगदीश टाइटलर की मौजूदगी की खबरों पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने इस मामले में राहुल गांधी पर निशाना साधा है।



भाजपा नेता ने कहा, राहुल गांधी ने संवैधानिक मयार्दा को तार-तार करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शायद इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता ने स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार किया है।

तरुन चुघ यहीं नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस दफ्तर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में 1984 के सिख नरसंहार के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी जगदीश टाइटलर की मौजूदगी पर भी राहुल गांधी को घेरा। चुघ ने कहा, अपनी पार्टी के स्वतंत्रता दिवस समारोह में टाइटलर को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करके राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की असली, घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। रविवार 17 अगस्त -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट




# जन्मे कन्हैया खुशियां चारों ओर छाई

## इस्कॉन से लेकर शहर के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु








## कवि नगर स्वयं भू मंदिर, पुलिस लाइन व घंटाघर कोतवाली में भी हुआ जन्माष्टमी महोत्सव पर कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार की रात घड़ी में जैसे ही 12 बजे पूरा शहर और इस्कॉन मंदिर से लेकर पुलिस लाइन स्थित मंदिर में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। हाथी घोड़ा पालकी और बधाई हो बधाई कान्हा ने जन्म लिया भाई के जय घोष सुनाई दिए। श्रद्धालुओं ने जहां बांके बिहारी का जन्म होने पर लड्डू गोपाल के रूप का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और उनको 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया। तो कहीं उन्हें माखन मिश्री, पंचमेवे, मिष्ठान और केक भी चढ़ाया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख इस्कॉन मंदिर, दुधेश्वरनाथ मठ मंदिर, कवि नगर स्थित स्वयं भू मंदिर, पुलिस लाइन के मंदिर तो वहीं घंटाघर कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान लड्डू गोपाल की आरती एवं पूजन किया गया। वहीं साहिबाबाद के मोहन नगर स्थित प्राचीन मंदिर के अलावा इंदिरापुरम, शिप्रा सनसिटी, वसुंधरा, कौशांबी, शालीमार गार्डन ,विजयनगर, कवि नगर, नेहरू नगर और गोविंदपुरम के मंदिरों में भी जन्माष्टमी महोत्सव की धूम देखने को मिली।



### रंग बिरंगी एलईडी लाइटों से जगमग हुआ इस्कॉन और पुलिस लाइन मंदिर

करंट क्राइम : जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में सुबह से ही प्रमुख श्रद्धालुओं और शहर के गणमान्य लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। तो वही जन्माष्टमी महोत्सव पर मुख्यमंत्री और डीजीपी के निर्देश पर पुलिस लाइन स्थित मंदिर में भी जन्माष्टमी पूजन और महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पुलिस के अधिकारियों ने भगवान लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की। तो अधिकारी पुलिस परिवार के साथ शामिल हुए, जहां पूजन एवं भजन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान इस्कॉन मंदिर में कई किलोमीटर दूर तक एलईडी और रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की गई थी। तो मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर शिखर तक एलईडी लाइटों को लगाया गया। दूर से ही इस्कॉन मंदिर की सुंदरता और भव्यता नजर आ रही थी।




### अतिथि और गणमान्य लोगों ने किया लड्डू गोपाल का स्वागत

करंट क्राइम : कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों ने जहां इस्कॉन मंदिर में पूजा अर्चना की। तो वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, समरकूल ग्रुप के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पुलिस के अधिकारियों से लेकर महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, विधायक संजीव शर्मा व अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस्कॉन मंदिर में उपस्थिति दर्ज कराई और लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की।

### मंदिरों में रही सुरक्षा व्यवस्था और ड्रोन से की गई निगरानी

करंट क्राइम : इस्कॉन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ और कतारें देखने को मिली। तो देर रात तक लोग कृष्ण भगवान के भक्ति भाव वाले रस में डूबे रहे। जैसे ही लड्डू गोपाल माखन चोर का जन्म हुआ ,उनका जय घोष सुनाई दिया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं उनको छप्पन भोग का प्रसाद भी अर्पित किया गया। इस मौके पर इस्कॉन मंदिर के आसपास भारी संख्या में महिला और पुरुष पुरुषकर्मियों को लगाया गया था, तो वहीं ड्रोन और सीसीटीवी से भी निगरानी की गई।





# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने किया कवि नगर थाने का निरीक्षण

## एसीपी को दिया कार्यालय के अभिलेखों को अपडेट करने का निर्देश

### - महिला हेल्प डेस्क और थाने में वेटिंग एरिया बनाने का निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जन्माष्टमी के दिन पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कवि नगर थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने थाना परिसर और बैरक के साथ सफाई का निर्देश दिया। तो वहीं अधिकारी और थाने में वेटिंग एरिया बनाने का निर्देश दिया गया है। पानी और लाइटिंग की व्यवस्था ठीक प्रकार से हो।

साथ ही सभी रिकॉर्ड अपडेट किए जाएं। इस दौरान उन्होंने एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा को भी महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कवि नगर थाने की जितने भी पंजीकृत मुकदमे और विवेचना हैं, उनको गुणवत्ता पूर्वक सही तरीके से पूरा अपडेट किया जाए। कार्यालय में अभिलेखों को अपडेट किया जाए। तो वहीं न्यायालय के कर्मचारियों के समयपालन और कार्य निष्पादन को भी ध्यान में रखने का निर्देश दिया है।




### छुट्टी के दिन एसीपी कवि नगर की कोर्ट का भी किया निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंद गौड ने जन्माष्टमी के अवकाश वाले दिन कवि नगर थाने के एसीपी की कोर्ट का निरीक्षण किया है। यहां के निर्माण कार्य का हाल जाना, तो वहीं एसीपी पेशी के कार्य की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए पुलिसकर्मियों से जनता के साथ बेहतर व्यवहार करने का आदेश दिया है।

### पुलिस कमिश्नर लगातार कर रहे हैं थानों का निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड को कमिश्नर के तौर पर गाजियाबाद में चार्ज संभालने के बाद लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। वह सिटी जोन के घंटाघर कोतवाली, मधुबन बापूधाम, कवि नगर तो ग्रामीण जोन के अंतर्गत मसूरी, मुरादनगर ,मोदीनगर तो वही ट्रांस हिंडन के खोड़ा, इंदिरापुरम, लिंक रोड, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन और टीलामोड़ जैसे थानों का भी निरीक्षण कर चुके हैं और पुलिसकर्मियों को लगातार कार्य बेहतर करने के निर्देश दे रहे हैं।



# भाजपा महानगर कार्यालय पर स्वाधीनता दिवस की रही धूम

## विकसित भारत के संकल्प को करेंगे हम सब मिलकर साकार : अतुल गर्ग






**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग स्वाधीनता दिवस के अवसर पर शहर में थे और वो स्वाधीनता दिवस मनाने के लिए भाजपा महानगर कार्यालय पहुंचे। भाजपा महानगर कार्यालय पर संगठन की ओर से 79वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्र में भाजपा परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने ध्वजारोहण के साथ किया। इसके बाद सभी ने मिलकर एकसाथ राष्ट्रगान का पाठ किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से भाजपाईयों ने पूरे माहौल को गुंजायमान रखा।

इस दौरान गाज़ियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा हमारे लिए स्वतंत्रता दिवस प्रेरणा का स्त्रोत है। आज जरूरत है कि हम मिलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएं। भाजपा महानगर मयंक गोयल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल तिरंगा फहराने का अवसर नहीं, बल्कि यह हमें अपने कर्तव्यों, देश के विकास और राष्ट्र की एकता-अखंडता के प्रति संकल्पित होने का दिन है। हमें आजादी के उन बलिदानियों को सदैव स्मरण रखना चाहिए, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का उपहार दिया।

पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा आजादी हमें सहज नहीं मिली, इसके पीछे लाखों वीरों का बलिदान है। यह दिन हमें एकजुट होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देता है।

पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगदीश साधना, पूर्व अध्यक्ष सरदार एस. पी. सिंह, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन पूर्व अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, डॉ. वीरेश्वर त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी , महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम एवं रनीता सिंह , अनीता शर्मा, कामेश्वर त्यागी , संजीव झा, गौरव चोपड़ा, पार्षद अमित त्यागी, अमित रंजन, अश्वनी शर्मा, नीरज त्यागी, विनीत शर्मा, गजेंद्र चौहान, अमरीश त्यागी, सुधीर त्यागी, बलराम रावल, भूपेश शर्मा, राहुल गोयल, गीता चौधरी, मीना गांधी, सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद सब्जी मंडी में व्यापारी करते रहेंगे सुचारु रूप से काम

### व्यापारियों ने कहा डीएम तथा मंडी सभापति से मिलकर व्यापारी रखेंगे अपनी बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवीन फल-सब्जी मंडी में बीते दिनों विवाद हो गया था। इस विवाद में एक व्यापारी का गोली चलाने का वीडियो भी वायरल हुआ था। इस घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं घटना के विरोध में व्यापारियों ने काम बंद करने का ऐलान कर दिया था। नवीन फल-सब्जी मंडी आढ़ती व्यापारी विकास समिति ने ये ऐलान किया है कि अब मंडी में सुचारू रूप से काम चलेगा और सभी व्यापारी डीएम और मंडी के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर अपनी समस्याओं को रखेंगे। समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद यादव तथा समिति के अन्य पदाधिकारियों और आढ़ती व्यापारियों की ओर से एक पत्र जारी किया गया।

समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद यादव इस पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि साहिबाबाद सब्जी मंडी प्रकरण में नवीन फल-सब्जी मंडी आढ़ती व्यापारी विकास समिति ने 19 अगस्त से कार्य से विरत रहने की घोषणा की थी । अब इस घोषणा को स्थगित किया जा रहा है। पत्र मे ये अवगत कराया गया है कि अगली तारीख तय होने तक सभी आढ़ती व्यापारी और फुटकर विक्रेता सुचारू रूप से काम करते रहेंगे। जल्द ही आढ़ती और व्यापरियों की बैठक बुलाकर जिलाधिकारी गाजियाबाद तथा मंडी समिति के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट से व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मिलकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करायेगा।

# भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक पर हमला




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक पर दो महिलाओं ने उस समय हमला कर दिया जब वो अपनी कार में सवार थीं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। घटनाक्रम के अनुसार पूनम कौशिक अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए गुडगांव गईं थीं। वैशाी निवासी पूनम कौशिक मेट्रो से वापस लौंटी और वह अपने भांजे के साथ वसुंधरा सेक्टर 17 में गईं थीं। उनका भांजा कार खड़ी कर राहुल डेरी के सामने कुछ सामान लेने गया था। पूनम कौशिक कार में बैठीं थी इसी दौरान स्कूटी सवार महिलाओं ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस दौरान महिलाओं ने पूनम कौशिक पर हमला कर दिया। बताते हैं कि इसी बीच आसपास के लोग आ गये और बीचबचाव कराया। पूनम कौशिक ने जब थाने पहुंच कर दिवस अधिकारी को पूरा मामले की सूचना दी।

**इस पूरे मामले में ट्रांस हिंडन जोन के डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि वाहन टकराने के बाद विवाद हुआ था। दोनों पक्ष महिलाएं हैं। तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली गई है। बाकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

## संपादकीय

# समय पर समाधान जरूरी

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोक सभा में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। इस संशोधन विधेयक से दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में सुधार का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यह विधेयक चर्चा के लिए संसद की प्रवर समिति को भेजा गया है। यह सातवां मौका है जब आईबीसी में संशोधन हो रहा है। पिछले कुछ समय से इस विधेयक का इंतजार हो रहा था। विभिन्न पक्षों एवं नीति विश्लेषकों ने समाधान प्रक्रियाओं के लंबे समय तक खिंचने और उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने के लिए आईबीसी की आलोचना की है।

हाल में जिस मामले का जून 2025 के अंत तक समाधान निकल कर आया उसमें औसतन 602 दिन लग गए। हाल में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद पूरी आईबीसी प्रक्रिया पर प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया था। न्यायालय ने अपने उक्त आदेश में एक समाधान योजना खारिज कर दी थी और निगमित कर्जधारक के परिसमापन का आदेश दिया था। हालांकि, अच्छी बात यह रही कि यह आदेश वापस ले लिया गया है और अब मामले पर दोबारा सुनवाई हो रही है। दिवालिया प्रक्रिया का मकसद मामलों का त्वरित समाधान करना और परिसंपत्तियों का मूल्य ह्रास रोकना है।

समाधान निकालने में देरी से परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कम हो जाता है जिससे न केवल ऋणदाता प्रभावित होते हैं बल्कि संपूर्ण अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता पर असर होता है। हालांकि, सरकार की इस बात के लिए सराहना की जानी चाहिए कि वह आईबीसी में लगातार सुधार के लिए प्रयासरत रही है और नवीनतम विधेयक उपयुक्त दिशा में उठाया गया कदम है। इस विधेयक का मकसद आईबीसी में सुधार कर मामलों का समय पर निपटारा करना है।

संशोधन विधेयक में जिन प्रमुख बातों की चर्चा है उनमें ऋणदाता की पहल पर शुरू होने वाली ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया भी एक है। इसमें न्यायालय से बाहर मामलों के त्वरित एवं कम खर्च पर समाधान करने का भी प्रावधान है। इस प्रक्रिया का मकसद इस पर भी ध्यान देना है कि कारोबार को कोई व्यवधान न पहुंचे या यह कम से कम रहे।

स्पष्ट है कि संशोधन विधेयक का लक्ष्य न्यायिक प्रक्रिया पर दबाव कम करना है। आईबीसी में संशोधन के बाद न्यायिक प्रक्रिया 150 दिनों में पूरा हो जाने की उम्मीद है। न्याय निर्णयन प्राधिकरण आवश्यकता पड़ने पर समाधान प्रक्रिया अधिकतम 45 दिनों के लिए बढ़ा सकता है। लोक सभा में पेश इस संशोधन विधेयक में समूह ऋण शोधन अक्षमता एवं सीमा पार ऋण शोधन अक्षमता के लिए भी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। समूह ऋण शोधन अक्षमता प्रक्रिया का उद्देश्य पेचीदा ऋण शोधन अक्षमता का सामना करने वाली जटिल कंपनी समूह संरचनाओं से निपटना है।

इससे एक साझा पीठ गठित करने और ऋण शोधन अक्षमता प्रक्रिया में समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी जिससे समाधान में लगने वाला समय कम हो जाएगा और समय रहते ठोस नतीजे मिल जाएंगे। सीमा पार ऋण शोधन अक्षमता ढांचे का मकसद भारत और किसी अन्य देश में कार्यवाही के दौरान अंशधारकों के हितों की रक्षा करना है।

सरकार इस संबंध में नियम तैयार करेगी। इस विधेयक में वित्तीय ऋणदाता की तरफ से शुरू ऋण शोधन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान में संशोधन का प्रस्ताव है। ऋण नहीं चुकाने की बात साबित होने और प्रक्रियात्मक आवश्यकताएं पूरी होने पर न्याय निर्णयन प्राधिकरण को अनिवार्य रूप से आवेदन स्वीकार करना होगा। जिन आवेदनों में प्रावधान में वर्णित सभी शर्तें पूरी की जा चुकी हैं उनमें न्याय निर्णयन प्राधिकरण आवेदन अस्वीकार करने के लिए किसी अन्य कारण पर विचार नहीं कर पाएगा। प्राधिकरण को 14 दिनों के भीतर आवेदन पर निर्णय लेना होगा या देरी के लिए कारण बताने होंगे। इससे समय रहते मामलों पर सुनवाई शुरू होने के साथ ही समय पर उनके समाधान भी आने में भी मदद मिलेगी।

# अमेरिकी टैरिफ से तमिलनाडु पर असर पड़ने की आशंका

## स्टालिन ने पीएम मोदी से मांगा विशेष राहत पैकेज

**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भारतीय निर्यात पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए शुल्क से उद्योग और रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से विशेष वित्तीय राहत पैकेज देने की मांग की।**

**नई दिल्ली।** तमिनलाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ से पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने केंद्र से विशेष वित्तीय राहत पैकेज देने की मांग की।

### सरकार के प्रयासों की सरहाना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि पैकेज में मूलधन चुकाने पर कुछ समय के लिए रोक दी जानी चाहिए। उन्होंने अमेरिका के साथ परस्पर लाभकारी व्यापार समझौते की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सरकार के रुख को पूरा समर्थन भी दिया।



**तमिलनाडु दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में टैरिफ से होगा अधिक प्रभावित :** स्टालिन ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 433.6 अरब डॉलर के कुल वस्तु का निर्यात किया था। इसमें से 20 प्रतिशत अमेरिका की हिस्सेदारी थी। वहीं तमिलनाडु के 52.1 अरब डॉलर के कुल वस्तु निर्यात का 31 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात किया गया था। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि अमेरिकी बाजार पर इस उच्च निर्भरता का मतलब है कि तमिलनाडु पर टैरिफ का प्रभाव दूसरे भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक होगा। इस टैरिफ का राज्य के विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

### इन क्षेत्रों और नौकरियों पर मंडरा रहा खतरा

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं वस्त्र, परिधान, मशीनरी, ऑटो घटक, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद और रसायन, ये सभी श्रम-प्रधान क्षेत्र हैं, जहां निर्यात में किसी भी मंदी का परिणाम बड़े पैमाने पर छंटनी के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि 2024-2025 में देश के कपड़ा निर्यात में दक्षिणी राज्य का योगदान 28 प्रतिशत रहा। यह सभी भारतीय राज्यों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 75 लाख लोग कार्यरत हैं और प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ के साथ, अनुमानित 30 लाख नौकरियां तत्काल खतरे में हैं।

### तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध

मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु का फलता-फूलता विनिर्माण क्षेत्र पहले कभी न देखे गए संकट का सामना कर रहा है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। इसलिए, मैं संबंधित मंत्रालयों और उद्योग हितधारकों के परामर्श से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं।

## सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# 'करदाता के लिए टैक्स प्राधिकरण की ओर से जारी समन का पालन करना जरूरी'



**नई दिल्ली।** किसी करदाता को केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए समन का पालन करना होगा और कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। आयकर अधिनियम 1961 के तहत करदाता का मलब किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्था से है, जिसपर अधिनियम के तहत तय कर का भुगतान करने या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय और राज्य जीएसटी प्राधिकारियों की ओर से लिए गए फैसलों के दोहराव को रोकने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा है कि केवल समन जारी करने से जारीकर्ता प्राधिकारी या प्राप्तकर्ता को पता नहीं चलता है कि कार्यवाही शुरू हो गई है।

अदालत ने कहा, ₹जहां किसी करदाता को केन्द्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से समन या कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है, वहां करदाता, प्रथम द्दष्टया, उपस्थित होकर और अपेक्षित प्रतिक्रिया मुहैया कर अनुपालन करने के लिए बाध्य है, चाहे जैसा भी मामला हो।

**जांच में दोहराव की जानकारी होने पर करदाता को लिखित रूप से देनी होगी सूचना :** पीठ ने कहा, ₹जिस मामले में करदाता को पता चले कि जिस मामले की जांच हो रही है, वह पहले से ही किसी अन्य प्राधिकारी की ओर से जांच या अन्वेषण का विषय है, तो करदाता को लिखित रूप में उस प्राधिकारी को तुरंत सूचित करना होगा, जिसने बाद में जांच या अन्वेषण शुरू किया है।₹ शीर्ष अदालत ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी ऐसी सूचना प्राप्त होने के बाद करदाता के दावे की सत्यता की पुष्टि के लिए एक-दूसरे से संवाद करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि इस कार्यवाही से अनावश्यक दोहराव से बचा जा सकेगा और विभाग के समय, प्रयास और संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित होगा, यह ध्यान में रखते हुए कि एक प्राधिकारी की ओर से शुरू की गई कार्रवाई सभी के लिए लाभदायक होती है।

## राशिफल

**मेष :** दिन शुभ रहेगा। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का अच्छा समय है।

**वृष :** आज घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल रहेगा।

**मिथुन :** आज आपको पैसों की प्लानिंग में किसी का सहयोग मिल सकता है। आज यात्रा करने से बचें क्योंकि इससे आपको थकान और तनाव महसूस होगा।

**कर्क :** दिन आपके लिए अच्छा नहीं रहेगा। भाई-बहनों के साथ विवाद अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि आप वरिष्ठों को संतुष्ट कर सकते हैं तो समर्पित परिश्रम से।

**सिंह :** आज आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को निपटाने में सफल रहेंगे। प्रेम-संबंध मधुरता से भरे रहेंगे। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी।

**कन्या :** आज संतान को लेकर चिंता हो सकती है। पारिवारिक मोर्चे पर चीजें अच्छी होंगी और आप अपनी योजनाओं के लिए पूर्ण समर्थन की उम्मीद कर सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा और सहयोगी आपकी कमजोरियों को भुनाएंगे।

**वृश्चिक :** दोस्तों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा, आप काम में कम महसूस कर सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचे।

**धनु :** आप किसी ऐसे स्रोत से धन कमा सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले कभी सोचा भी नहीं होगा। आज किया गया निवेश काफी फायदेमंद साबित होगा।

**मकर :** आपकी नौकरी की स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बनी रह सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ :** आज आप पर काफी भरोसा रहेगा। साथ ही आपको उन्नति के भी कई अवसर प्राप्त होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मीन :** आज कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां आपके पक्ष में होती नजर आएंगी। जोखिम भरे कार्य न करें। आज आपका एनर्जी लेवल हाई रहेगा। गंभीर विषयों पर चर्चा हो सकती है।

## चुटकुले

पति ने पत्नी को मैसेज किया - आज रात डिनर पर मेरे साथ कुछ दोस्त आ रहे हैं, अच्छा सा खाना बनाना...!
पत्नी का कोई जवाब नहीं आया...!
फिर पति ने दूसरा मैसेज किया - मेरी सैलरी ज्यादा हो गई है,
अगले महीने तुम्हें सोने की अंगूठी लाकर दूंगा...!
पत्नी ने रिप्लाई किया - ओ माय गॉड, सच्ची...!
पति - नहीं, वो तो मैं चेक कर रहा था कि मेरा पहला मैसेज मिला
या नहीं, वरना तुम बोलोगी मुझे तो मैसेज मिला ही नहीं...!

---

पत्नी - मेरी तबीयत ठीक नहीं लग रही है...!
पति - ओह्ह, पर मैं तो तुम्हारे साथ शॉपिंग पर जाने की सोच रहा था...!
पत्नी - जानू, मैं तो मजाक कर रही थी...!
पति - मैं भी मजाक ही कर रहा था, चल उठ के खाना बना...!

# फ्लाइट अटेंडेंट्स की हड़ताल से एयर कनाडा का परिचालन ठप

## हजारों की संख्या में यात्री हुए प्रभावित



**नई दिल्ली।** एयर कनाडा फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के कारण शनिवार को एयरलाइन ने सभी परिचलन निलंबित कर दिए हैं। इसने गर्मियों के चरम सीजन में हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित किया। कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने बताया कि समझौता न होने के बाद एयरलाइन के 10,000 से अधिक प्लाइट अटेंडेंट हड़ताल पर चले गए।

**संघ ने मध्यस्थता के प्रस्ताव को किया अस्वीकार :** कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन और उसके 10,000 फ्लाइट अटेंडेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को बढ़ गई। संघ ने एयरलाइन के सरकार द्वारा निर्देशित मध्यस्थता में प्रवेश करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इससे हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नए अनुबंध की शर्तों को तय करने की अनुमति मिल जाती।

**क्यों हो रहा विवाद? :** एयर कनाडा और कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के बीच लगभग आठ महीने से अनुबंध पर बातचीत चल रही है, लेकिन वे अभी तक किसी अस्थायी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं। दोनों पक्षों का कहना है कि वेतन और विमान के उड़ान न होने पर फ्लाइट अटेंडेंट द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक कार्य के मुद्दे पर उनके बीच मतभेद हैं।

शनिवार को फ्लाइट अटेंडेंट काम छोड़कर चले गए। इसके बाद एयर कनाडा ने कहा कि वह फ्लाइट अटेंडेंट को हवाई अड्डों से बाहर करना शुरू कर देगा। इस पूर्ण शटडाउन से प्रतिदिन लगभग 1,30,000 लोग प्रभावित होंगे, और प्रतिदिन लगभग 25,000 कनाडाई विदेश में फंस सकते हैं। एयर कनाडा प्रतिदिन लगभग 700 उड़ानें संचालित करता है। एयरलाइन के विमान कब तक उड़ान नहीं भरेंगे, यह तो अभी देखना बाकी है। हालांकि एयर कनाडा के मुख्य परिचालन अधिकारी मार्क नासर ने कहा है कि एक बार कोई अस्थायी समझौता हो जाने के बाद परिचालन पूरी तरह से शुरू करने में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अल्बर्ट आइंस्टीन की अपनी कोई कार नहीं थी और उन्होंने कभी नहीं सीखा कि कैसे ड्राइव करना है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन मोजे पहनना पसंद नहीं करते थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन के मस्तिष्क में एक पेरिएटल लोब था जो औसत मस्तिष्क से 15% बड़ा था।
- अल्बर्ट आइंस्टीन ने खुद को एक नास्तिक मान लिया था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए द्दश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।
- रोगविज्ञानी जिसने आइंस्टीन के मृत शव का निरिक्षण किया था उसने उनका मस्तिष्क चुरा लिया और उसे 20 साल तक जार में रखा।
- आइंस्टीन के नोबेल पुरस्कार पैसे तलाक के निपटारे के रूप में उनकी पूर्व पत्नी के पास गए थे।
- आइंस्टीन को इजराइल के राष्ट्रपति पद की पेशकश की गई जिसे उन्होंने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया।

## 17 08 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



गौतम अडानी
उद्योगपति



अंश मिश्रा, आरूष मावी, अंश ठाकुर, किरण कालिया, कुलदीप त्यागी, ब्रजकिशोर, ठाकुर शंभू सिंह, पी. नीरज, डॉ. अशोक वासुदेवा, शिवम चौधरी, महेश चंद्रा, सचिन कुमार, नितिन कुमार त्यागी, सुभांश कुमार, गणेश ठाकुर, हिमांशु रावत, रविन्द्र चौधरी, हरिचंद सारवान, आसिफ अली सलमानी, अंकित मावी, राजकुमार रावत, सुहैल मलिक, वसीम पहलवान, मनोज गिरी, शिवम त्यागी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पार्षद राजकुमार भाटी ने वार्ड 89 में धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न

## स्वतंत्रता दिवस पर हर भारतीय के दिल में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना उमड़ पड़ती है

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न ध्वजारोहण कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें हमारे वीर महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग के कारण मिला है। उन्होंने अपनी आने वाली पीढ़ियों को गुलामी से बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

आज के दिन के लिए उन्होंने यातनाएं झेलीं और हमें आजाद भारत में खुलकर सांस लेने का अवसर मिला है। यह सब उनकी कुर्बानियों की बदौलत है। पूरे देश में आजादी का राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया और संपूर्ण भारतवर्ष ने उन तमाम राष्ट्रप्रेमियों को नमन कर याद किया। पार्षद राजकुमार सिंह ने कहा कि अगर आज हमारा भारत आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध भारत बनने का सपना देख रहा है, तो यह सब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की देन है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न



ध्वजारोहण कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुभव साझा किया।

उन्होंने बताया कि कई वर्षों से वार्ड 89 के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय वैशाली में स्कूल के बच्चों के साथ



ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मिलता है। स्कूल अध्यापकों और स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम के साथ मनाया। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देश प्रेम में ओतप्रोत स्कूली बच्चों ने भव्य तिरंगा यात्रा पैदल चलकर धूमधाम से निकाली। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए।

पार्षद राजकुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के साथ इस महान पर्व को मनाने का सौभाग्य कई वर्षों से प्राप्त हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस, हर वर्ष मेरा प्रथम कार्यक्रम कम्पोजिट स्कूल का रहता है। इसके साथ ही कल्पना वेलफेयर सोसाइटी और उत्तराखंड धरोहर समिति के कार्यक्रमों में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग वार्ड 89 वैशाली के सफाई नायकों और सफाई कर्मियों के साथ तिरंगा झंडा फहराकर इस पर्व को मनाया।

इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मधु सिंह, क्षेत्रीय विदेश संपर्क विभाग से संयोजक राजीव शर्मा, मदन बिष्ट, सुषमा शर्मा, सविता गुसाईं, इन्दु नौटियाल, रामालेश्वरी नादान, प्रताप सिसोदिया, कुमार संजय सिंह धर्मेंद्र वर्मा रविंदर रावत संदीप मिश्रा चंदन सिंह नेगी प्राताप बिष्ट कंपोजिट विद्यालय की प्रिंसिपल पुष्पा रानी अध्यापक कविता वर्मा अध्यापक शशि राजपूत वैशाली सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# साहिबाबाद में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में गूंजा जयघोष, बालगोपाल को झुलाने के लिए श्रद्धालुओं में मची होड़ मंदिरों में सुबह से ही शुरू हो गए थे कार्यक्रम, जो आधी रात तक चलता रहा।

जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर मंदिरों में बाल गोपाल को झुलाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। वहीं रंगबिरंगी लाइटें और आकर्षक झांकियां चार चांद लगा रही थीं। महापौर आशा शर्मा ने अलग अलग स्थानों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुई। साहिबाबाद के अधिकांश मंदिरों को रंगबिरंगी लाइटें और फूलों से सजाया गया था। शुक्रवार सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। शाम होते ही कृष्ण भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और आधी रात तक उनका तांता लगा रहा। शिप्रा सनसिटी वैशाली वसुंधरा कौशांबी सूर्य नगर रामप्रस्था राजेंद्र नगर शालीमार गार्डन डीएलएफ कॉलोनी मोहन नगर मंदिर लोगों की भीड़ जुटी रही। पंडित मनोज शास्त्री ने बताया कि मंदिर में 11 फुट ऊंचाई पर लगी मटकी को तोड़ने का कार्यक्रम हुआ। बाद में भक्तों में मक्खन-मिश्री का प्रसाद लेने के लिए होड़ लगी रही।मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन गाए। वहीं मोहनगर मंदिर में लगीं झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वसुंधरा सेक्टर 11 प्राचीन शिव मंदिर में भी भगवान की लीलाओं से संबंधित अनेक झांकियां बनाई गई थीं।

# महानगर में भाजपा का हर-घर तिरंगा अभियान रहा सफलः सचिन डेढ़ा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा का हर-घर तिरंगा यात्रा अभियान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में महानगर संयोजक संजयकांत शर्मा महानगर सह संयोजक सचिन डेढ़ा, नितिन शर्मा के द्वारा कार्यक्रमों को सफल बनाया गया।

युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया कि 6 अगस्त जिले में कार्यशाला तिरंगा अभियान मॉडर्न कॉलेज अर्थला में संपन्न हुई। सभी 20 मंडलों में मंडल कार्यशाला सफल रही, सभी मंडलों में अद्भुत तिरंगा यात्रा निकल गई। 14 अगस्त को कवि नगर रामलीला ग्राउंड जानकी भवन सभागार में विभाजन विभिषिका संगोष्ठी रही, हर घर तिरंगा लगाकर, तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर एवं सभी कार्यक्रम की फोटो सरल ऐप पर अपलोड की गई। तिरंगा अभियान के सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किए गया। महानगर संयोजक संजयकांत एवं दोनों सहसंयोजक सचिन डेढ़ा, नितिन शर्मा द्वारा सभी कार्यक्रमों को सफल किया गया।

सहसंयोजक सचिन डेढ़ा की तबीयत खराब होते हुए भी उन्होंने घर से ही तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर पार्षद प्रीति जैन ने किया झंडारोहण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद प्रीति जैन में वार्ड 99 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोटस पोंड सोसाइटी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस वर्ष समारोह की थीम ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व रखी गई, जिसके अंतर्गत पोस्टर एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टर्स और चित्रों के माध्यम से देशभक्ति की भावनाओं को सुंदर और रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पार्षद प्रीति जैन द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर वीर सैनिकों के साहस और समर्पण को नमन किया गया तथा एक नए भारत की झलक लोगों ने उत्साहपूर्वक महसूस की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अभिनव जैन, सोसायटी के उपाध्यक्ष शलभ गोयल, सोसायटी की सक्रिय सदस्य निर्मला सिंह, रविंदर गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, रेणु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया शुभारंभ फाउंडेशन ने अपना 10वां स्थापना दिवस





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्षा मंजू सिंह और संरक्षक सुभाष जैन द्वारा मलिन बस्तियों में बच्चों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर स्वतंत्रता के बारे में उन्हें जागरूक किया तथा बच्चों को पुरस्कार देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया। सायंकाल 6 बजे गाजियाबाद के पार्थ पैराडाइज होटल के सभागार में शुभारंभ फाउंडेशन (मानवता को समर्पित) के 10 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रदेशों के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठ लोगों ने शुभारंभ फाउंडेशन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था द्वारा विगत 10 वर्षों में की गई समाज सेवा के लिए अध्यक्षा मंजू सिंह की प्रशंसा किया। इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथि गणों का संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक विनोद कुमार सिंह (पूर्व डीएसपी), अध्यक्षा मंजूसिंह, महामंत्री मनजीत सिंह राठौड़ द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। विभिन्न विषयों में विशेषज्ञ महानुभावों को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के पदाधिकारी तथा विशिष्ट जनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात दो बालिकाओं ने भगवान गणेश की स्तुति से संबंधित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया।

इस अवसर नोएडा के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सहित,कई वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कनाडा संस्था के कार्यकर्ता राजीव गुप्ता भी इस कार्यक्रम के सहभागी रहे। समारोह के अंत में लखनऊ से पधारे संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक विनोद कुमार सिंह (पूर्व डीएसपी) ने सभी के प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद ज्ञापित कर सभी को डिनर हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर सर पर संस्था के सभी पदाधिकारी मंजीत सिंह राठौर राष्ट्रीय महामंत्री, सुरेश चक्रवती राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सतीश सिंह राष्ट्रीय सचिव नीरज शर्मा राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र पांडेय राष्ट्रीय संरक्षक नारायण बिसा राष्ट्रीय संरक्षक ,सुभाष जैन राष्ट्रीय संरक्षक, अनुपमा सिंह राष्ट्रीय सचिव, गौरव चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सक्रिय रूप से उपस्थित एवं सहभागी रहे।

# उत्तराखंड कुमाऊं समाज सेवा समिति वैशाली ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तराखंड कुमाऊं समाज सेवा समिति वैशाली ने हर साल की तरह इस साल भी 79वे स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही धूम धाम से बनाया। कार्यक्रम में समिति के सभी पदाधिकारी और मेंबर एवं उनके परिवारों के साथ साथ कई वैशाली के परिवारों ने मिलकर राम वाटिका पार्क सेक्टर 2 में मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष हरीश साह ने बताया कि इस बार संस्था ने खेलकूद प्रतियोगिताएं ओर गायन, नृत्य प्रतियोगिताये रखी थी जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम बारिश के मौसम होने के बाबजूद सुचारू रूप से चलता रहा। विजेता प्रतिभागी बच्चों को पारितोषिक और मैडल देकर संस्था ने प्रोत्साहित किया और जितने बच्चे स्वतंत्रता दिवस के इस पवन आयोजन में आए थे सभी को संस्था की ओर से पारितोषिक दिए गए। 5 साल से 15 साल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में कई आर डब्लू ए के मेंबर भी शामिल रहे। कार्यक्रम उत्तराखंड कुमाऊं समाज सेवा समिति वैशाली के क्रिकेट टीम द्वारा संचालित किया ।सभी पदाधिकारियों ने सभी को 79वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया और देश भक्ति के गानों और जयकारों से पूरा पार्क गूंज रहा था। सभी बच्चों के अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की और अगले साल और तैयारी के साथ कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया । बच्चे बहुत ही खुश नजर आए । सभी को मिष्ठान वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूनार्मेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर, आरोनियन को खिताब



**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए।

पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाये जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया।

आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे।

आरोनियन को जीत के साथ 40000 डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे जो दो दिन बाद शुरू होगा जिसमें आर प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

# पार्षद कुसुम गोयल ने स्वतंत्रता दिवस पर किया झंडा रोहण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल व पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने वार्ड के विभिन्न कार्यक्रमों में झंडारोहण किया।

वही कौशांबी सेंट्रल पार्क में पप्पू चौपाल केपी ग्रुप ताली ग्रुप करवा कौशांबी योगा ग्रुप द्वारा आयोजित जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी द्वारा आयोजित कौशांबी प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कौशांबी के ए ब्लॉक द्वारा आयोजित कौशांबी कैलाश त्रिशूल



टावर द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर एक गढ़वाल समाज द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 साउथ द्वारा आयोजित वैशाली सेक्टर 1 प्लॉट एरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम एवं भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति की और धार्मिक कार्यक्रम किए गए क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।

# सेक्टर 23 उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संजय नगर सेक्टर 23 उद्योग व्यापार मंडल द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। व्यापारियों ने एक साथ राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया । साथ ही एक दूसरे को मिठाई बताकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। संजय नगर सेक्टर 23 व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने देश के प्रति कर्तव्य और जिम्मेदारियां का एहसास कराता है। राष्ट्र की प्रगति में सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में व्यापारियों की भूमिका सबसे अहम होगी। इस दिशा में सभी व्यापारी अपना सब कुछ राष्ट्र के नाम न्योछावर करने को तैयार है। उन्होंने सभी जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

# बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट के लिए नियम बदलेःगंभीर चोट पर रिप्लेसमेंट मिलेगा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउक) ने प्लेइंग कंडीशंस में बदलाव करते हुए आने वाले घरेलू सीजन में इंजरी रिप्लेसमेंट की इजाजत दे दी है। अगर किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगती है और वह मैच में आगे खेलने की स्थिति में नहीं होता है तो उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को मौका मिलेगा। यह नियम मल्टी-डे घरेलू मैचों में लागू होगा। यानी ऐसे मैचों में जो एक से ज्यादा दिन तक चलते हैं।

इंग्लैंड में हाल ही में हुई एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज में ऋषभ पंत को चोट लगी थी। इसके बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स भी चोटिल हुए थे। नियमों के मुताबिक किसी खिलाड़ी को तभी रिप्लेस किया जा सकता है जब चोट सिर में लगी हो। इसे कनकनशन रिप्लेसमेंट कहते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में यही नियम लागू है। हालांकि, भारत में होने वाले घरेलू





क्रिकेट के लिए इउउकने बाकी चोट में भी रिप्लेसमेंट की अनुमति देने का फैसला किया है।

क्या हैं नया नियम अगर किसी खिलाड़ी को मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है, तो रिप्लेसमेंट की अनुमति दी जा सकती है। यह चोट खेल के दौरान और मैदान के अंदर ही लगी होनी चाहिए। इस बदलाव पर कई प्लेयर्स की अलग-अलग राय है। इंग्लिश टेस्ट कैप्टन बेन स्टोक्स ने इसे मजाक बताया, वहीं गौतम गंभीर ने इसका स्वागत किया। भारत के ऋषभ पंत और इंग्लैंड के क्रिस वोक्स दोनों को चौथे और पांचवें टेस्ट में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद वे मैच में भाग नहीं ले पाए थे। मैं इसके पक्ष में हूं- गंभीर ऋषभ पंत की चोट के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा,मैं बिल्कुल इसके पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि चोट गंभीर है, तो सब्स्टीट्यूट देना बहुत जरूरी है।इसमें कोई बुराई नहीं है, खासकर ऐसी सीरीज में जहां पहले तीन टेस्ट कड़े मुकाबले रहे हों। सोचिए हमें 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ता तो कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता।

यह बिल्कुल मजाक है- बेन स्टोक्स ओवल टेस्ट में जब वोक्स का कंधा उतर गया तब इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, यह बिल्कुल मजाक है। इससे टीमें कमजोरियां ढूंढ लेंगी। आप जब 11 चुनते हैं तो चोट भी खेल का हिस्सा है। मैं कन्कशन रिप्लेसमेंट समझता हूं, क्योंकि उसमें प्लेयर की सुरक्षा की बात है। लेकिन इंजरी रिप्लेसमेंट पर बात बंद होनी चाहिए।

बीसीसीआई ने अंपायरों की वर्कशॉप में जानकारी दी नए प्लेइंग कंडीशंस की जानकारी इउउक ने अहमदाबाद में अंपायरों की चल रही वर्कशॉप में दी। इउउकने साफ किया है कि यह नियम सफेद गेंद क्रिकेट (सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे) में लागू नहीं होगा। क्ढछ में यह लागू होगा या नहीं, यह अभी तय नहीं है। लेकिन उङ नायडू ट्रॉफी (व-19 मल्टी-डे टूनार्मेंट) में यह लागू रहेगा।

### नीचे बदले हुए नियम के बारे में विस्तार से जानिए

अगर खिलाड़ी को मैच के दौरान गंभीर चोट लगती है तो रिप्लेसमेंट दिया जाएगा अगर चोट किसी भी प्लेयर्स को मैदान के अंदर लगेगी तो इसका रिप्लेसमेंट दिया जा सकेगा। इसमें कोई प्लेयर बॉल लगने से, फ्रैक्चर और डिस्लोकेशन से चोटिल हुआ हो। चोट इतनी गंभीर हो कि खिलाड़ी मैच में आगे भाग न ले सके। तब उस खिलाड़ी को नया रिप्लेसमेंट दिया जाएगा। ऑन-फील्ड अंपायर गंभीर चोट का आकलन करेंगे ग्राउंड में मौजूद ऑनफील्ड अंपायर गंभीर चोट का आकलन करेंगे और रिप्लेसमेंट की इजाजत देंगे। वे मैच रेफरी और डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

टीम मैनेजर को मैच रेफरी को एक फॉर्म देना होगा जिसमें चोटिल खिलाड़ी का नाम, चोट कब और कैसे लगी, और यह पुष्टि हो कि वह आगे नहीं खेल सकता। रिप्लेसमेंट खिलाड़ी का नाम, जो लाइक फॉर लाइक (समान भूमिका वाला) होना चाहिए। टॉस के समय सब्स्टीट्यूट लिस्ट देनी होगी रिप्लेसमेंट केवल उन्हीं खिलाड़ियों में से चुना जाएगा जो टॉस के समय बतौर सब्स्टीट्यूट नामित किए गए हों। सिर्फ विकेटकीपर की गंभीर चोट की स्थिति में बाहर से कीपर बुलाने की अनुमति होगी, अगर सब्स्टीट्यूट में कोई कीपर न हो। मैच रेफरी रिप्लेसमेंट की अनुमति तभी देंगे जब उन्हें लगे कि नया खिलाड़ी टीम को अनुचित फायदा नहीं देगा। मैच रेफरी का फैसला आखिरी होगा मैच रेफरी का फैसला आखिरी होगा, किसी टीम को अपील का हक नहीं होगा। रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को वही पेनल्टी, वार्निंग या टाइम आउट लागू रहेंगे जो चोटिल खिलाड़ी पर थे। एक बार रिप्लेसमेंट मान्य हो गया तो चोटिल खिलाड़ी मैच में दोबारा नहीं लौट सकेगा। दोनों खिलाड़ी (चोटिल और रिप्लेसमेंट) रिकॉर्ड और आंकड़ों में मैच खेले माने जाएंगे।

# जनसेवक अजय गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया धूमधाम से



गाजियाबाद करंट क्राइम। जनसेवक अजय गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अजय गुप्ता को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने उनके जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु, यशस्वी जीवन तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जनसेवक अजय गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर सभी शुभकामनाएं बधाई देने वाले मित्रों, शुभचिंतकों, समर्थकों और परिजनों का आभार व्यक्त किया।




## किस थाने से हटाए गए तीन थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जश्न-ए-आजादी वाले दिन रात को ऐसा आदेश आया कि अलग-अलग एसीपी और थानों के प्रभारियों के साथ अटैच थ्री-स्टारों की नींद टूट गई। थ्री-स्टारों की तबादला लिस्ट इतनी लंबी लिस्ट आई कि देखते-देखते समय लग गया। थ्री-स्टारों वाली इस लिस्ट में 30 नाम बताए जा रहे हैं, जो थाने, लाइन और एसीपी कार्यालय से हटाकर अलग सेल में भेजे गए हैं। पुलिस सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि कई की शिकायत थी कि वह अपनी ड्यूटी बस घंटों में कर रहे हैं और काम पेंडिंग पड़े हुए हैं। इसके बाद बड़े साहब ने डिसीजन लिया और कुछ को अपराध शाखा और कुछ को साइबर थाने में लगा दिया गया है। तो कुछ को थानों में अतिरिक्त की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सिटी के थाने को अतिरिक्त वाले थ्री-स्टार मिल गए हैं। उधर इस लिस्ट में एक नाम ऐसा भी है जिन्हें एक यूनिट में भेजा गया है, अब चर्चा शुरू हो गई है की यूनिट में जाने के बाद मामला फिट एंड फाइन वाला हो जाएगा



। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों ने जानकारी दी है की नदिया पार के एक थाने में तो थ्री-स्टारों पर ऐसी तलवार चली है कि तीन-तीन थ्री-स्टार ही एक ही थाने से हटाए गए हैं। तो देहात के भी दो थाने ऐसे हैं, जहां से दो -दो टू-स्टार हटाए गए हैं। सूत्रों ने बताया है कि यहां पर भी मामला सेम था। उधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थानों से हटाए गए थ्री-स्टार अब थोड़े टेंशन वाले मूड में आ गए हैं क्योंकि अब उनके कागजों की और जिम्मेदारियां की जवाबदेही ज्यादा होगी। तो सूत्र यह भी बता रहे हैं कि इनमें से आने वाले दिनों में कई पर कृपा भी हो सकती है। इनमें वह नाम भी शामिल हैं, जो रेलवे लाइन के बराबर वाले थाने की तालठोंक रहे थे। तो वहीं सिटी से लेकर देहात तक वह प्रयास भी कर रहे थे, पर साहब के सामने इस बार तो उनकी चल नहीं पाई है। अब देखना है कि इन साइड लाइन ऑफिस से उनके लिए गेट कब खुलते हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से एक ही रात में 30 थ्री-स्टार इधर से उधर किए गए हैं ,उसकी चर्चा जमकर हो रही है। कई थाना प्रभारी तो रात को बड़े रिलैक्स हो गए थे कि अच्छा हुआ उनके साथ टेबल शेयर करने वाला दूसरा थ्री-स्टार निकल लिया है। कुल मिलाकर देखना होगा कि अभी एसीपी वाली लिस्ट और एडीसीपी वाली लिस्ट में भी कुछ परिवर्तन आने वाले देखने दिनों में देखने को कब तक मिलता है।

# पुलिस कमिश्नरेट में जोश के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस





गाजियाबाद करंट क्राइम। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी । इस दौरान पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पुलिस के तीनो जोन के डीसीपी, दोनों एडिशनल सीपी, प्रमुख एसीपी व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रूस के रियाजान में औद्योगिक प्लांट में हादसा, 11 की मौत, 130 घायल

**नई दिल्ली ।** रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक प्लांट में शुक्रवार को आग लग गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 लोगों के घायल होने की खबर है। रूसी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



**रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने बताया कि आपातकालीन दल सप्ताहांत तक मलबे की खोज में लगे रहे और रात में दो अतिरिक्त शव बरामद किए गए। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार इस कारखाने में बारूद बनाने वाली एक कार्यशाला में आग लग गई। इसके कारण यह विस्फोट हुआ**

## बारूद बनाने वाली कार्यशाला में लगी आग

आग के कारणों की जांच शुरू अधिकारियों ने बताया कि घालयों में से 29 लोग शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराए गए। इसमें से 13 को रियाजान में और 16 को मॉस्को के चिकित्सा केन्द्रों में ले जाया गया है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि रात में मलबे के नीचे से तीन लोगों को बचा लिया गया और जांचकताओं ने आग के कारणों की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

**रियाजान क्षेत्र में एक दिन का शोक घोषित।** इसके अलावा सोमवार को रियाजान क्षेत्र में एक दिन का शोक घोषित किया गया है। रियाजान के गवर्नर पावेल मालकोव ने एक बयान में कहा कि पूरे क्षेत्र में झंडे झुका दिए जाएंगे। सांस्कृतिक संस्थानों, टेलीविजन और रेडियो कंपनियों और संगठनों से मनोरंजन कार्यक्रम रद्द करने को कहा गया है।

चार साल में दूसरी घटना इलास्टिक प्लांट में चार साल से भी कम समय में यह दूसरा घातक विस्फोट था। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स के अनुसार, अक्टूबर 2021 में विस्फोटक निमार्ता कंपनी रेजरयाद द्वारा संचालित एक कार्यशाला में हुए विस्फोट में 17 लोग मारे गए थे।

# लेंस्की ने भारत को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

## यूक्रेन युद्ध समाप्ति में सहयोग की जताई उम्मीद

**कीव ।** क्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को भारत को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता को शुभकामनाएं दीं। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अच्छी और स्पष्ट बातचीत हुई, जिसमें मैंने उन्हें व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने आगे लिखा कि हमारे देश आजादी, गरिमा, शांति और विकास के लिए संघर्ष का साझा अनुभव रखते हैं। हमें उम्मीद है कि भारत युद्ध खत्म करने में सहयोग करेगा, ताकि हमारी आजादी और संप्रभुता सुरक्षित रह सके। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने आगे विज्ञान, तकनीक, व्यापार और संस्कृति के क्षेत्र में भारत-यूक्रेन के बीच मजबूत संबंधों की भी बात की। साथ ही दोनों देशों के बीच बेहतर सहयोग की आशा जताई।

### अमेरिका-रूस वार्ता और भारत पर असर

बता दें कि जेलेंस्की की यह टिप्पणी उस दिन आई जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का के एंकोरेज शहर में युद्ध समाप्त करने को लेकर बैठक होने जा रही थी। इस बीच, ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत से अमेरिकी आयात पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया है, जिससे कुल शुल्क 50% हो गया। यह फैसला रूस से भारत के तेल खरीद को लेकर लिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया था कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदना युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है

### टैरिफ पर भारत ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

टैरिफ को लेकर ट्रंप के एलान पर भारत ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। साथ ही गुरुवार को स्पष्ट किया कि उसने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया है और यह फैसला पूरी तरह आर्थिक लाभ के आधार पर होता है। विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के फैसले को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताया। मंत्रालय ने कहा कि भारत एक प्रमुख अर्थव्यवस्था है और अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई। शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। एक दिन के शोक की घोषणा खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकॉप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। बुनेर जिले में आपातकाल घोषित अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। पर्यटकों के आने पर लगा प्रतिबंध मनसेहरा में, पुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं।







# गाजा से फलस्तीनियों के विस्थापन पर इस्राइली नेताओं का समर्थन

**तेल अवीव ।** गाजा पट्टी में जारी युद्ध के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य नेताओं ने गाजा से फलस्तीनियों के बड़े पैमाने पर विस्थापन के विचार को खुलकर समर्थन दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फरवरी में पहली बार सामने आई इस योजना को इस्राइल मानवीय पहल के रूप में पेश कर रहा है, जबकि फलस्तीनी और अंतरराष्ट्रीय संगठन इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बता रहे हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कई मौकों पर कहा है कि युद्ध समाप्त करने की शर्तों में से एक यह होगी कि गाजा के लोग चाहें तो देश छोड़ सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ह्लट्रंप योजनाह्व सही और क्रांतिकारी है। इसी तरह इस्राइली रक्षा मंत्री कैट्ज ने भी सेना को योजना तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें जमीनी रास्तों, समुद्र और हवाई मार्ग से गाजा छोड़ने के विकल्प शामिल हैं। फलस्तीनी नागरिकों और उनके नेताओं का कहना है कि यह ह्यस्वेच्छा से पलायनह्व नहीं बल्कि मजबूरी में की जा रही निर्वासन की कोशिश है। गाजा के नागरिक इस बात पर अड़े हैं कि वे अपनी जमीन छोड़कर कहीं और नहीं जाएंगे। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक एक गाजा निवासी इस्माइल जायदाह ने कहा कि यह हमारी जमीन है, हम यहीं पैदा हुए और यहीं मरेंगे। हमें कहीं और जाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



# कोलंबिया से तनाव के बीच पेरू की राष्ट्रपति पहुंची अमेजन नदी द्वीप, क्षेत्र पर बताया अपने देश का अधिकार

**लीमा ।** हाल ही में कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद पेरू की राष्ट्रपति द्वीप पर पहुंची। यहां सुरक्षा बल प्रमुखों और संसद सदस्यों ने बोलुआर्टे और कैबिनेट मंत्रियों का स्वागत किया। जहां उन्होंने पेरू का राष्ट्रगान गाया और लोगों ने लाल और सफेद झंडे लहराए। बोलुआर्टे ने कहा कि पिछले कई दिनों से ऐसी अस्वीकार्य गतिविधियां हो रही हैं जो हमारे दोनों देशों और सीमावर्ती समुदायों को जोड़ने वाले भाईचारे को प्रभावित कर रही हैं। पेरू की संप्रभुता पर कोई विवाद नहीं है। सांता रोसा डे लोरेटो पेरू का है और रहेगा।



**कोलंबिया के साथ तनाव के बीच पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे ने शुक्रवार को अमेजन नदी द्वीप का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने द्वीप पर अपने देश का अधिकार बताया**

मंगलवार को पड़ोसी देशों के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब पेरू पुलिस ने द्वीप पर भूमि सर्वेक्षण का काम कर रहे तीन कोलंबियाई लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोलंबिया सरकार ने गुरुवार को इन लोगों की तत्काल रिहाई की मांग की, क्योंकि पेरू के एक न्यायाधीश ने इनमें से एक व्यक्ति को रिहा कर दिया, जबकि अन्य दो को सात दिनों तक जेल में रहने का आदेश दिया। कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो ने इन गिरफ्तारियों को अपहरण बताया है। उनकी सरकार ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए लोग एक भूमि सर्वेक्षक और एक नाव चालक कोलंबियाई सीमावर्ती शहर लेटिसिया में एक घाट के विस्तार के लिए जल निकायों की गहराई मापने का अध्ययन कर रहे थे। पेरू के अधिकारियों ने कहा कि मजदूरों को यह माप करने का अधिकार नहीं था। पांच अगस्त को पेट्रो के सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र से इनकार किए जाने के बाद से दोनों कोलंबियाई नागरिकों की गिरफ़्तारी इस क्षेत्र में तीसरी घटना है। दो दिन बाद एक कोलंबियाई सैन्य विमान द्वीप के ऊपर से उड़ा और सोमवार को कोलंबियाई शहर मेडेलिन के पूर्व मेयर डैनियल क्विंटेरो ने वहाँ कोलंबियाई झंडा फहराया।

# माया जंगल की रक्षा के लिए तीन देशों में समझौता

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको, ग्वाटेमाला और बेलीज के नेताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे माया वर्षावनों की रक्षा के लिए एक त्रि-राष्ट्रीय प्राकृतिक आरक्षित क्षेत्र बना रहे हैं। इस बैठक में माया वन क्षेत्र में मेक्सिको रेल लाइन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। पेड़ों की कटाई के चलते इस रेल लाइन प्रोजेक्ट की आलोचना हो रही है।




## दुनिया के फेफड़े माने जाते हैं वर्षा वन

**माया वर्षा वन आरक्षित क्षेत्र दक्षिणी मेक्सिको और ग्वाटेमाला और बेलीज के उत्तरी भागों के जंगली इलाकों में फैला होगा, जिसका क्षेत्रफल 1.40 करोड़ एकड़ से ज्यादा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने इस कदम को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे लैटिन अमेरिका में अमेजन वर्षावन के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति आरक्षित क्षेत्र बनेगा, जो दुनिया के लिए फेफड़े का काम करेगा और इससे प्रदूषण पर लगाम लगेगी**

### निया के फेफड़े माने जाते हैं माया वन

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो और बेलीज के प्रधानमंत्री जॉनी ब्रिसेनो के साथ समझौते पर हस्ताक्षर के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा, 'यह पृथ्वी के फेफड़ों में से एक है, हजारों प्रजातियों का घर है जिसकी एक अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है। हमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए संरक्षित करना चाहिए।'

तीनों देशों के नेताओं ने मेक्सिको द्वारा दक्षिणी मेक्सिको से ग्वाटेमाला और बेलीज तक बनाए जा रहे माया ट्रेन प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। करीब हजार मील लंबी यह रेलगाड़ी वर्तमान में मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप तक चलती है, और इसका निर्माण मेक्सिको के लोकप्रिय रिसॉर्ट्स को ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर जंगलों और माया पुरातात्विक स्थलों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि इस पर खूब विवाद हुआ क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए और अनुमान है कि बीते चार वर्षों में इस प्रोजेक्ट के लिए 70 लाख पेड़ काटे गए हैं। साथ ही इस प्रोजेक्ट के चलते माया वन में संरक्षित क्षेत्रों को भी नुकसान पहुंचा।

मेक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम भी इस प्रोजेक्ट के समर्थन में हैं, लेकिन ग्वाटेमाला की सरकार ने साफ कर दिया है कि वे संरक्षित वन क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं देंगे। ऐसे में बीच का रास्ता निकालने पर चर्चा हो रही है, जिसके तहत कोशिश की जा रही है कि रेल लाइन प्रोजेक्ट से वनक्षेत्र को कम नुकसान पहुंचे।

# मैक्सिको दौरे पर जाएंगे कनाडा के पीएम कार्नी मैक्सिकन राष्ट्रपति शीनबाम से करेंगे मुलाकात

**टोरंटो ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीति के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले महीने सितंबर में मैक्सिको की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी, हालांकि उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी साझा की। यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब अमेरिका के पड़ोसी देश कनाडा और मैक्सिको अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) से जूझ रहे हैं और अगले साल यूएसएमसीए फ्री ट्रेड डील की समीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता (यूएसएमसीए) 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में लागू हुआ था। समझिए टैरिफ का कनाडा और मैक्सिको पर असर बता दें कि यूएसएमसीए समझौते के तहत जो वस्तुएं इस व्यापार समझौते के नियमों को पूरा करती हैं, उन पर अमेरिका का टैरिफ लागू नहीं होता। लेकिन ट्रंप ने कुछ खास क्षेत्रों के लिए अलग टैरिफ लगा रखे हैं, जिन्हें 232 टैरिफ कहा जाता है। इन टैरिफ के तहत स्टील और एल्यूमिनियम पर 50% शुल्क और ऑटोमोबाइल्स (गाड़ियों) पर 25% शुल्क लगाया गया है। इन टैरिफ का असर कनाडा और मैक्सिको दोनों देशों पर पड़ा है। मैक्सिको के साथ व्यापार संबंध मजबूत करने की कोशिश अपने मैक्सिको दौरे से पहले प्रधानमंत्री कार्नी पहले ही अपने विदेश मंत्री और वित्त मंत्री को क्लाउडिया शीनबाम से मिलने मैक्सिको भेज चुके हैं ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते और मजबूत हो सकें। इसके जवाब में राष्ट्रपति शीनबाम ने जून में कनाडा का दौरा किया था, जब ऋ्र सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित हुआ था।



# नंदनी गौशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर महापौर सुनीता दयाल ने की पूजा-अर्चना

## महापौर ने गौमाता की आरती की और गुड़ चारा खिलाकर की पूजा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम-धाम से मनाया जाता है। जन्माष्टमी के पर्व पर गो माता की विशेष पूजा किये जाने की परम्परा है। प्रदेश के समस्त जनपदों में गो आश्रय स्थल स्थापित कर, निराश्रित गोवंश को संरक्षित कर उनका भरण-पोषण किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर महापौर सुनीता दयाल ने राज नगर एक्सटेंशन स्थित नगर निगम की नंदनी गौशाला में जाकर गौमाता की पूजा अर्चना की जिसमे आरती कर,तिलक कर,माला पहनाकर, चादर उढ़ाकर व गुड़ चारा खिलाकर पूजा की जिसमे उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुज सिंह,उप पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मोनिका, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पूजा अर्चना के बाद सभी कर्मचारियों को वितरण किये प्रसाद

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में पूजा उपरांत सभी कर्मचारियों एवं स्कूल के बच्चों को प्रशाद वितरण कर महापौर ने सब्बि शहरवासियों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। गाजियाबाद नगर निगम की गोशाला में नंदनी एवं नन्दी के गोबर से उपयोगी वस्तुओं को बनाया जा रहा है व गोबर से बने दीये, राधा कृष्ण की मूर्तियां एवं अन्य वस्तुओं को तैयार कराकर स्थानीय बाजारों में विक्रय हेतु प्रयास भी किया जा रहा है। नंदनी गौशाला के कार्यक्रम में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के स्कूली बच्चों को गो आश्रय स्थलों में भ्रमण हेतु लाया गया और उन्हें गोपालन के प्रति संवेदनशील बनाते हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार एवं गोपालन के महत्व से अवगत कराया गया।

### महापौर ने गोवंशों को अनाथ न बनाने की और परिवार में किसी शुभ कार्य मे गोवंशों को चारा खिलाने की अपील की

**करंट क्राइम।** महापौर ने बताया कि नगर निगम की गौशाला में गौवंशों के लिए बहुत अच्छी और साफ व्यवस्था की हुई है। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गौपूजन करने का सौभाग्य मिला है लेकिन एक पीड़ा है शहर में लोग गौवंशों/पशुओं को अनाथों की तरह लावारिस छोड़ देते हैं जिसके कारण शहर में मुख्य मार्गों पर गौवंश खड़े रहते हैं और कई बार दुर्घटना भी हो जाती है जिससे गौवंशों एवं मनुष्यों का एक्सिडेंट हो जाता है। गौवंश को लावारिस छोड़ना पाप है। मेरा शहरवासियों से अपील है कि गौवंशों/पशुओ को लावारिस/अनाथ न बनाये, इनकी सेवा करें और परिवार में किसी शुभ कार्य मे गोवंशों को चारा दान के रूप में गोवंशों को खिलाने का प्रयास करें।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

### उपाध्यक्ष अतुल वत्स बोले: आजादी सिर्फ उत्सव नहीं, जिम्मेदारी भी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को आजादी की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम से पूर्व रात से ही जीडीए परिसर को तिरंगे की रोशनी और पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया था। ध्वजारोहण के बाद उपाध्यक्ष ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ह्लआजादी केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि यह हमारे कर्तव्यों की याद भी दिलाती है। उन्होंने अपील की कि आजादी को एक उत्तरदायित्व के रूप में आत्मसात किया जाए। अतुल वत्स ने बताया कि जब उन्होंने प्राधिकरण उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला था, उस समय प्राधिकरण गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा था। वर्ष 2020-21 में प्राधिकरण की आय 548.67 करोड़ रुपये थी। 2021 से 2024 के बीच यह औसतन 820.66 करोड़ रुपये रही। लेकिन 2024-25 में यह बढ़कर 1653.24 करोड़ रुपये पहुंच गई। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने इंडियन बैंक की 800 करोड़ और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 165 करोड़ की देनदारी से भी खुद को मुक्त कराया है। सिर्फ पिछले चार महीनों में 900 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है। उन्होंने पहल पोर्टल पर बेहतर कार्य के लिए अधिकारियों की सराहना की और नई योजनाओं के सफल विकास के लिए बधाई दी। हाल ही में आयोजित ग्रीनाथॉन जैसे कार्यक्रमों को भी सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का निर्वहन भी है। अतुल वत्स ने यह भी जानकारी दी कि जीडीए का नया मुख्यालय भवन जल्द ही बनकर तैयार होगा, और अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस उसी भवन में आयोजित करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में ग्रीनाथॉन के विजेताओं को ट्रॉफी और चेक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक ए.के. बाजपेयी, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन सहित जीडीए के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ. संजय कुमार निषाद पहुंचे गाजियाबाद के दौरे पर

### पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को किया संबोधित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) उत्तर प्रदेश सरकार एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद गाज़ियाबाद के दौरे पर पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। डॉ. निषाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य विभाग को देश में अव्वल बनाने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रमुख हैं : प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना, माता सुकेता केज कल्चर, सघन मत्स्य पालन हेतु एरियेशन, मोपेड विथ आइस बॉक्स, ग्राम समाज तालाब पट्टा, एनएफडीबी पंजीकरण, सहकारी समितियों का गठन एवं पंजीकरण। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जहाँ मत्स्य पालक कल्याणकोष की स्थापना की गई है। इस कोष के माध्यम से मछुआ समाज को चिकित्सा, शिक्षा, दैवीय आपदा सहायता, प्रशिक्षण, नाव-जाल क्रय, विवाह सहायता सहित अन्य अनेक योजनाओं से प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है।

### गौतमबुद्ध नगर में अब तक लगभग 1 करोड़ 69 लाख की धनराशि मछुआ समाज के हित में आवंटित की गई : डॉ. निषाद

करंट क्राइम। डॉ. निषाद ने बताया कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में अब तक लगभग 1 करोड़ 69 लाख रुपये से अधिक की धनराशि मछुआ समाज के हित में आवंटित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 20 अगस्त 2025 को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) का 10वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से मछुआ समाज के लोग बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे। अधिवेशन में पार्टी की भंग राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक कमेटियों का पुनर्गठन कर नई संरचना की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं से विचार-विमर्श उपरांत एनडीए के घटक दल के रूप में रणनीति तय की जाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निषाद पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और इस संबंध में अधिवेशन में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। डॉ. निषाद ने यह भी कहा कि मछुआ समाज की बहुप्रतीक्षित मांग : मझवार, तुरैहा, तरमालीपासी सहित सभी 17 उपजातियों को उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर परिभाषित कर अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित करने का प्रस्ताव भी केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निषाद पार्टी की स्थापना ही मछुआ समाज के आरक्षण के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से की गई थी, क्योंकि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी यह समाज विकास की मुख्यधारा से वंचित रहा है। अत: संविधान में सूचीबद्ध मछुआ समाज को अनुसूचित जाति आरक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया जाना समय की आवश्यकता है।



### शुभकामनाएं

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक अनुज मित्तल को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। अनिल अग्रवाल सांवरिया के व्यक्तित्व की ये खूबी है कि वो हमेशा अपनों की हर खुशी में शामिल होते हैं और उनकी खुशी को खास बनाते हैं। उन्होंने अनुज मित्तल के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु और उत्तम की स्वास्थ्य की कामना भी की।

## आवारा कुत्तों के काटने के मामले में नहीं आ रही है कमी

### संजय नगर में छोटी बच्ची को काटा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क पर घूमते आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला अभी आने ही वाला है कि गाजियाबाद में कुत्तों के काटने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी है। पिछले 24 घंटे के दौरान कुत्ते का के काटने के कई मामले सामने आए हैं। संजय नगर सेक्टर 23 में आवारा कुत्ते ने एक बच्ची को बुरी तरह से पैर में काट लिया।

इसी तरह खोड़ा कॉलोनी में भी एक छोटे बच्चों को कुत्ते के काटने की सूचना है। जानकारी के अनुसार सेक्टर 23 संजय नगर में एक बच्ची शनिवार सुबह घर से अकेले निकली थी, तभी रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने उसके पैर में बुरी तरह काट लिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में रखने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद डॉग लवर्स ने इसका पुरजोर विरोध किया। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर दो सदस्य बेंच ने सुनवाई के बाद अपने फैसले को सुरक्षित रखा है। उम्मीद की जा रही है कि अगले हफ़्ते फैसला आ सकता है।

## सुगम समाज सेवा संस्थान ने मनाया स्वाधीनता दिवस




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सुगम समाज सेवा संस्थान के जे-ब्लॉक, संजय नगर स्थित कार्यालय पर स्वाधीनता दिवस मनाया गया। स्वाधीनता दिवस की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई और सभी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर संस्था के सचिव विनोद कुमार राघव, पूर्व पार्षद मनवीर नागर, निगम पार्षद अजय शर्मा, आचार्य यूएन वत्स, पर्यावरणविद ग्रीनमैन विजय पाल बघेल, सुनील चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, विपुल राघव, सत्य प्रकाश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मुरादनगर में टेंट गोदाम में आग:शॉर्ट सर्किट से लाखों रुपए का सामान जलकर राख, 3 घंटे में काबू पाया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर की रावली रोड स्थित हंस वाटिका कॉलोनी में शुक्रवार रात एक टेंट गोदाम में आग लग गई। गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की शुरूआती जानकारी झील वाली कॉलोनी निवासी परवेज ने दी। रात लगभग 11 बजे धुआं निकलने के बाद गोदाम से आग की लपटें उठनी शुरू हुई। आसपास के लोग धुएं और आग को देखकर डर गए और तुरंत गोदाम मालिक परवेज को सूचित किया। परवेज ने अपने प्रयास से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन जब लपटें बढ़ीं तो लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को खबर दी।

### पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वीवीआईपी ग्रुप के सीएमडी प्रवीण त्यागी के जन्मदिन पर उनके परम मित्र रविंद्र त्यागी ने उन्हें शुभकामनाएं दी। दोस्त ने दोस्त के जन्मदिन पर दोस्त के लिए लंबी आयु की कामना की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रविंद्र त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## विशाल सोसाइटी, सिद्धार्थ विहार ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विशाल सोसाइटी, सिद्धार्थ विहार में 79 स्वतंत्रता दिवस दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के पार्क में ध्वजारोहण किया गया और स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम में शहर विधायक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए राष्ट्र, समाज और भाई चारा बनाने और स्वच्छता रखने की बात कही। समारोह में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

## पी-ब्लॉक आरडब्लूए ने निकाली तिरंगा रैली




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पी-ब्लॉक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पार्क में ध्वजारोहन कर तिरंगा रैली निकाली गई। पी ब्लॉक आरडब्लूए अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं पार्षद अजय शर्मा के साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान गया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि 79 स्वतंत्रता दिवस हमें देश की अखंडता एकता और सद्भावना की याद दिलाता है हमें जिन शहीदों के कारण आजादी मिली उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए। स्थानीय पार्षद अजय शर्मा ने कहा स्वतंत्रता दिवस देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों को याद करने का दिन है जिनके कारण हम आज आजादी की सांस ले रहे हैं। मिष्ठान एवं सूक्ष्म अल्पाहार के वितरण के बाद ब्लॉक की मुख्य सड़कों पर तिरंगा रैली निकाली गई। इस मौके पर सुभाष शर्मा, संजय त्यागी, रामपाल सिंह, राकेश खंडूरी, डीडी शर्मा, आरसी शर्मा, अजय त्यागी, सतबीर त्यागी, रविंद्र शिसोदिया,कविता चौहान, लता शर्मा, रमा आदि मौजूद रही।